हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

## शिक्षक व युवक की सूझबूझ से बची जान

# सांप को लेकर दौड़ता रहा सर्पदंश पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जब जान पर बन आए और सामने मौत नजर आए तो ऐसे में सूझबूझ ही काम आती है और कठिन से कठिन परिस्थिति भी सामान्य हो जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति से गुजर रहे युवक की सूझबूझ उस समय काम आई जब जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। सांप के डंस लेने पर युवक नहीं घबराया बल्कि सांप को मारने के बाद सांप की पहचान के लिए पकड़ कर दौड़ने स्कूल के शिक्षक के पास पहुंचा। इधर शिक्षक ने भी सूझबूझ का परिचय देते हुए बाइक से तत्काल सर्पदंश पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया। समय पर अस्पताल पहुंच जाने से अब युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

**खास बात**

- मवेशी चराते समय जहरीले सांप ने युवक को डंसा था

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर से लगे ग्राम पंचायत बरौल डूमर खोली निवासी राम प्रसाद आ. मान साय (40 वर्ष) सड़क किनारे पुटूस झाड़ के समीप बैठकर मवेशी चरा रहा था। इसी दौरान जहरीले सांप ने पैर में लिपटकर अंगूठे में काट लिया। सांप की पकड़ इतनी मजबूत थी कि अंगूठे से खून निकलने लगा। जहरीले सांप के काट लेने से युवक नहीं घबराया और सांप को डंडे से मार दिया। मृत सांप के पहचान के लिए युवक सांप को पकड़कर सड़क किनारे हल्ला किया और दौड़ते हुए प्राथमिक शाला स्कूल डूमर खोली पहुंच कर शिक्षकों को जहरीले सांप के काटने की बात बताई। इधर प्रधान पाठक संजय कुमार चतुर्वेदी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवक के जान बचाने के लिए अपनी बाइक से युवक को बैठाकर अस्पताल ले जाने लगा। इसी बीच रास्ते सांप का असर होने पर युवक अचेत हो गया। युवक के बेहोश हो जाने पर प्रधान पाठक संजय चतुर्वेदी ने तत्काल ग्रामीणों की मदद से प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। युवक द्वारा साथ पकड़ कर लाए सांप के पहचान के अनुसार इलाज प्रारंभ किया। समय पर उपचार मिलने से अब युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।


सांप को दिखता युवक।



अस्पताल में भर्ती युवक।

### एंबुलेंस आने में हुई देरी

प्रधान पाठक संजय चतुर्वेदी ने बताया कि युवक के स्थिति काफी नाजुक बनी हुई थी। युवक को तत्काल अस्पताल ले जाने के लिए संजीवनी 108 पर फोन किया गया लेकिन संजीवनी 108 वाहन के बाद आने में काफी विलंब हो गया। युवक की हालत लगातार बिगड़ते देख ग्रामीणों के मदद से सूझबूझ के साथ युवक को भर्ती कराया गया।

### सांप की पहचान के लिए खिंचवाया फोटो

सांप के डस लेने के बाद युवक ने सांप को पकड़कर गांव में पहचान हेतु फोटो भी खिंचवाया। जिस गांव में चर्चा की विषय बनी हुई है। ज्ञात हो की जहरीला सांप होने के कारण युवक की मृत्यु भी हो सकती थी। मगर सूझबूझ के साथ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए जाने पर हालात पर काबू पाया गया।

### खतरे से बाहर है युवक

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों ने बताया कि मरीज की स्थिति में काफी सुधार है। जहरीले सांप के काटने के बाद समय पर अस्पताल पहुंचाने तथा इलाज मिलने से युवक की जान बच गई। युवक को अस्पताल लाने में एक देरी होती तो जान बचाना मुश्किल था।






## खबर संक्षेप



### विराट शिव गुरु महोत्सव को लेकर हुई संभागीय बैठक, आयोजन की तैयारियां हुई तेज

**प्रतापपुर।** आगामी 9 नवम्बर को आयोजित होने वाले विराट शिव गुरु महोत्सव की तैयारियों को लेकर संभागीय स्तरीय बैठक का आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया। बैठक में बलरामपुर, सरगुजा, कोरिया, जशपुर और सूरजपुर जिलों से बड़ी संख्या में गुरु भाई-बहनों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य महोत्सव की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा कर प्रत्येक विभाग के उत्तरदायित्वों का निर्धारण करना था ताकि आयोजन भव्य, अनुशासित और प्रेरणादायी रूप में संपन्न हो सके। बैठक में आयोजन समिति का विस्तार करते हुए संभाग के सभी जिलों से प्रतिनिधियों को शामिल किया गया। समिति के अंतर्गत विभिन्न विभागों का गठन किया गया जिसमें गाड़ी पार्किंग प्रभारी, कार्यालय प्रभारी, मंच प्रभारी, फील्ड प्रभारी, पेयजल प्रभारी, मीडिया प्रभारी, साउंड प्रभारी, टेंट प्रभारी, प्रचार-प्रसार प्रभारी और व्यवस्थापक प्रभारी जैसे उत्तरदायित्वों का निर्धारण किया गया। बैठक में विशेष रूप से उन गुरु भाई-बहनों के लिए आवास एवं भोजन व्यवस्था की तैयारी पर जोर दिया गया जो दूर-दराज से इस विराट आयोजन में शामिल होने आएंगे। इसके अतिरिक्त पूरे सरगुजा संभाग सहित छत्तीसगढ़ राज्य में वाहनों द्वारा प्रचार-प्रसार अभियान चलाने की रूपरेखा भी तय की गई, ताकि अधिकाधिक श्रद्धालु इस महोत्सव में सम्मिलित होकर शिव भक्ति में भाग ले सकें। बैठक के दौरान मुख्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों और नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर भी विशेष चर्चा की गई।

### दिन दहाड़े बाइक सवार से 60 हजार की लूट

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवानगर निवासी रामनाथ राम आ. स्व. घुडाराम 14 अक्टूबर की दोपहर शहर के बैंक में रुपए निकालने आया था। ग्रामीण ने बैंक से 20 हजार रूपए निकाला और पहले से झोला में रखे 40 हजार रुपए के साथ रखकर बाइक से वापस घर जाने लगा। जैसे ही बाइक सवार कांतिप्रकाशपुर पुलिया के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार युवक ने ग्रामीण के पास रखे झोला को झपट्टा मार लेकर फरार हो गया। पीड़ित ग्रामीण ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 304(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## जेडी ने जताई नाराजगी

# मरीजों को दी जा रही बिना एक्सपायरी डेट वाली दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने गुरुवार को मैनपाट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नर्मदापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में भारी अव्यवस्था पाई है। अस्पताल में साफ सफाई की कमी तो थी ही इसके साथ ही दवाओं के डब्बे पर मेन्यूफेक्चरिंग डेट व एक्सपायरी डेट अंकित नहीं थी।

**खास बात**
- नर्मदापुर सीएचसी में मिली अव्यवस्था

अस्पताल के ड्रेसिंग कक्ष में भी भारी गंदगी देखने को मिली। इस दौरान अस्पताल में मौजूद स्टाफ नर्स ने पूछताछ के दौरान बताया कि आपातकालीन ड्यूटी के समय पदस्थ चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों द्वारा मरीजों का ध्यान नहीं दिया जाता है और ऐसे में जेडी ने निर्देश दिया कि इस प्रकार की लापरवाही प्रतीत होती है तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के निलंबन हेतु प्रस्ताव कार्यालय को भेजा जाए। उन्होंने बीएमओ से समय समय पर बैठक लेकर कमियों में सुधार करने व लापरवाही करने वालों पर कारवाई करने के निर्देश दिए। जेडी डॉ. शुक्ला ने चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टॉफ को शासन द्वारा निर्धारित समय पर अपने कार्य व मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


निरीक्षण करते जेडी।

### ली गई राज्य स्तरीय त्रैमासिक बैठक

इसके साथ ही मैनपाट के शैला रिसॉर्ट में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने दो दिवसीय राज्य स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान संभाग में चल रहे ऑक्सीजन कार्यक्रम की समीक्षा की की गई। समीक्षा के दौरान कार्यक्रम से संबंधित पूर्व में जारी दिशा निर्देशों के पालनार्थ संभाग से सभी जिले अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में किये गये कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी ली जिसमें ओपीडी एवं एनसीडी क्लीनिक में आए हुए मरीजों की जांच उपरांत उसके रिकार्ड संधारण, ऑक्सीजन संबधी उपकरण की स्थिति ऑक्सीजन टेक्निकल कमेटी की त्रैमासिक बैठक की स्थिति स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण एवं अन्य बिंदुओं पर जिले और संस्थावार जानकारी प्राप्त प्रगति पर चर्चा हुई। इस दौरान कई संस्थानों को स्पष्टीकरण का नोटिस जारी करने के निर्देश गए। बैठक में रायपुर से डॉ. रोहित बघेल, डॉ. तनुप्रिया, डॉ. विक्रम शर्मा, डॉ. स्वाति शर्मा एवं दिल्ली से कुसुम शेखावत व शिवांगी त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद थे।



## एनएसयूआई ने कालेज में लगाया हेल्प डेस्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शंकरगढ़

अरुण प्रताप सिंह देव शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को हो रही विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष रिकेश यादव के नेतृत्व में आज महाविद्यालय परिसर में एक हेल्प डेस्क लगाया गया। हेल्प डेस्क में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी समस्याएं रखीं।

छात्रों ने बताया कि महाविद्यालय में अंग्रेजी विषय का एक भी शिक्षक नहीं है, जिसके कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। आगामी दिनों में सेमेस्टर परीक्षा प्रारंभ होने वाली है, किंतु अंग्रेजी शिक्षक के अभाव में छात्रों को परीक्षा की तैयारी में कठिनाई हो रही है। विद्यार्थियों ने मांग की है कि शीघ्र अंग्रेजी शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि अध्ययन कार्य सुचारू रूप से चल सके। इस संबंध में जब महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुनीत कुमार राय ने बताया कि मूल बनाम बाहरी नियुक्ति प्रक्रिया शासन स्तर पर रोक दी गई है। जनभागीदारी निधि में पर्याप्त राशि न होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था संभव नहीं हो पा रही है। हालांकि दिवाली के बाद जैसे ही शासन से आदेश प्राप्त होंगे, तत्काल नियुक्ति करवाई जाएगी। एनएसयूआई ने शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग से छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए अंग्रेजी विषय के शिक्षक की नियुक्ति शीघ्र सुनिश्चित किए जाने की मांग की जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। इस दौरान एनएसयूआई महासचिव सालमन राम, अनुज यादव, सचिव रिंकू, उनय तथा संजू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वोकल फॉर लोकल ही आत्मनिर्भर भारत की नींव : साहू

**अंबिकापुर।** आज संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" के अंतर्गत अंबिकापुर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राज्य भंडार गृह निगम छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू एवं सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर मंजूषा भगत तथा जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह सम्मिलित हुईं।

- अंबिकापुर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में उद्यमियों एवं कामगारों का हुआ सम्मान

सम्मेलन में वोकल फॉर लोकल से जुड़े महिला-पुरुष उद्यमियों, व्यवसायियों और कामगारों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता चंदूलाल साहू ने कहा कि हम अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं। यह समय हमें आत्मनिर्भर बनने का संदेश देता है। वर्षों तक सत्ता में रही कांग्रेस ने देश को केवल सत्ता की राजनीति तक सीमित रखा, लेकिन स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कभी ईमानदार प्रयास नहीं किया। स्वदेशी का अर्थ है अपनी अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना। हमें अपने विरासत पर गर्व होना चाहिए, क्योंकि स्वदेशी ही रामराज्य की नींव है। विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा मोदी सरकार ने महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ाई है। अब हमारा संकल्प चौमुखी विकास की ओर बढ़ना है। जब हम सब मिलकर स्वदेशी उत्पादों को अपनाएंगे, तभी भारत पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनेगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विकास पांडेय ने प्रस्तावना उद्बोधन दिया । कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया तथा महामंत्री अरुणा सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी , त्रिलोक कपूर कुशवाहा, देव नारायण यादव, मधु चौधहा, निश्चल प्रताप सिंह, अंकित जायसवाल, संतोष दास, रूपेश दुबे, निलेश सिंह, गोल्डी बिहाड़े, आकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता, मनीष सिंह, अजय प्रताप सिंह, आकाश जायसवाल, राजकुमार बंसल, शशि जायसवाल, सकुंतला पांडेय, ममता तिवारी, शालिनी सिंह, विवेक सिंह, आलोक दुबे, अजय सोनी, धनराम नागेश, राजबहादुर शास्त्री सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।



## साहित्यकार गुप्त की कृति शब्द प्रवाह का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

भारतेंदु साहित्य एवं कला समिति द्वारा आयोजित भारतेंदु भवन में आयोजित समारोह में साहित्यकार जय गुप्त की कृति शब्द प्रवाह का विमोचन सांसद चिंतामणि महाराज, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, पार्षद मनीष सिंह, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव के आतिथ्य एवं महामना मालवीय मिशन के अध्यक्ष ब्रम्हाशंकर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि साहित्यकार अपने भाव और विचारों से समाज को आगे बढ़ाने में सक्षम है। हम कार्ययोजना बनाकर अपने कार्यक्षेत्र में उनकी क्षमता का व्यापक उपयोग कर सकते हैं। महापौर मंजूषा भगत ने सरगुजिहा बोली और भाषा के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की तथा महामना मालवीय मिशन के निर्माणाधीन भवन को शीघ्र पूर्ण कराने निर्देशित किया। सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है और जय गुप्त ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को आईना दिखाने का कार्य किया है। पार्षद मनीष सिंह ने कहा कि विषय वैविध्य से भरा शब्द प्रवाह पाठक को आनंद की अनुभूति कराने के साथ ही सकारात्मक सोच की दिशा में अग्रसर कराने में पूर्णतः समर्थ है। ब्रम्हाशंकर सिंह ने अतिथियों का आभार जताया। द्वितीय सत्र में काव्यगोष्ठी हुई जिसमें जय गुप्त, विनोद हर्ष, राजलक्ष्मी पाण्डेय, माधुरी जायसवाल, चंद्रभूषण मिश्र, उमाकांत पाण्डेय, मुकुन्दलाल साहू, प्रताप पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, देवेन्द्रनाथ दुबे, गीता दुबे एवं अजय शुक्ल बाबा ने अपनी रचनाएं सुनाई।






श्याम ट्रेडर्स
पता- ब्रम्हरोड, संगम चौक, अम्बिकापुर (छ.ग.)
हर्ष गुप्ता
7000976755
श्याम किशोर गुप्ता
8319987586 9826421248
हार्डवेयर एण्ड डोर फिटिंग्स
श्याम किशोर गुप्ता
Olive
Kitply
Ply Mane Kitply
कम्पलीट इंटिरियर मटेरियल का विशाल संग्रह
फैन्सी हार्डवेयर फिटिंग
माड्यूलर किचन एवं वाड्रो फिटिंग
FEVICOL
FEVICOL SR 998


प्रो.- शिव कुमार बंसल
श्री राम मार्बल एण्ड टाईल्स
Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
मनेन्द्रगढ़ रोड, होली क्रॉस स्कूल के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो.- 9406029999, shrirammarbletiles@gmail.com


शेफाली ट्रेडर्स
जगवार, इंपोर्टेड सेनेटरी, जगवार स्पो,
आधुनिक डिजाइन के टेबल टॉप, बेसीन,
फैन्सी कमोड, इत्यादि उपलब्ध
प्रो. मनोज अग्रवाल
यहां पेन्ट, वाटर प्रूफिंग सेनेटरी वेयर, एस्ट्रल कंपनी के पाईप फिटिंग
पुट्टी, जीरो बी कंपनी के वाटर सफ्टनर उपलब्ध है
Jaquar experience bathing
ESSCO by Jaquar
ASTRAL PIPES
JK WALL PUTTY
WATERTEC
Berger
JK LAKSHMIPLAST SMART WALL PUTTY
वाटर फ्लो पानी टंकी के निर्माता एवं विक्रेता
ब्रम्हरोड, अम्बिकापुर (छ.ग.), 497001
मो. 98261-90815, 62627-91000, 07774-223815


BLACK COBRA
Pinga
NATURAL VENEER
Greenply
Labacha
GLORIO
Hettich
VOX
INQUE
BOSS
Element Decor
Innovations Essentials
घनश्याम गर्ग (धन्नू)
EVERY DOOR DESERVES A
dorset
MORE SAFE. MORE SECURE.
राहुल ट्रेडर्स
राहुल इंटिरियर
राहुल ग्लास
राहुल गर्ग मो.- 9584641243
तेशांत गर्ग मो.- 9826926925
इंटिरियर सामानों का विशाल संग्रह
अग्रसेन वार्ड, अम्बिकापुर
राहुल इण्डस्ट्रीज - गंगापुर सरगुजा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई प्रेमनगर का किया कार्यकारिणी विस्तार

**प्रेमनगर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक कमलेश्वर प्रसाद यादव के नेतृत्व में कार्यकारिणी का विस्तार जनपद सभा कक्ष प्रेमनगर में किया गया, जिसमें पदाधिकारियों को ब्लॉक की प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गई। सचिव खिलेंद्र वर्मा, सहसंयोजक ओंकार सिंह, मो.कासिम अंसारी, तुलेश्वर सिंह, सतीश कुमार साहू, राम लल्लू साहू, ऋषि पांडेय, सुमेर सिंह, सह सचिव प्रतीक सिन्हा, प्रवीण पावले, सुनील कुमार निकुंज, श्रीमती संतोषी राजवाड़े, कोषाध्यक्ष देव धन राम श्याम, मीडिया प्रभारी प्रवीर पांडेय, लव कुमार साहू, सांतनु पांडेय, महिला प्रकोष्ठ से संयोजक श्रीमती हीरामती सिंह, सचिव श्रीमती उर्वशी सिंह, सहसंयोजक श्रीमती अंजलि महिलांगे, प्रवक्ता दिलसाय मरपच्ची की जिम्मेदारी सौंपी गई है। *कार्यकारिणी के विस्तार पश्चात संयोजक कमलेश्वर प्रसाद यादव एवं मो.क़ासिम अंसारी सहसंयोजक ने बताया कि बहुत जल्द सभी संगठनों का एक बैठक कर, सभी की समस्या से अवगत होकर, निराकरण के लिए हमारे फेडरेशन द्वारा एक रणनीति बनाकर हल करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान ओंकार सिंह, सुमेर सिंह, सुनील कुमार निकुंज, लव कुमार साहू, शांतनु पांडेय, विजय कुमार साहू, खिलेंद्र वर्मा, मो. कासिम अंसारी, हरीश कुमार वर्मा, अजीत कुमार बघेल, महेंद्र कुमार दुबे, रितेश कुमार मिश्रा, राम लल्लू साहू, बसंत कश्यप, ओम प्रकाश साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### रामचन्द्रपुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन



**रामानुजगंज।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामचन्द्रपुर द्वारा बस स्टैण्ड परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन किसानों के अधिकार, प्रशासनिक अन्याय और पुलिस अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने के उद्देश्य से किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद रैली निकाल कर तीन सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केपी सिंह देव,अंबिकापुर के पूर्व महापौर डॉ.अजय तिर्की, किसान कांग्रेस के जिला धरना प्रदर्शन में अध्यक्ष जसवंत सिंह,राष्ट्रीय सचिव प्रत्येक सिंह, जनपद सदस्य मोहम्मद बख्श, संतोष यादव सहित पार्टी कार्यकर्ता, किसान और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सिंह के नेतृत्व में आयोजित धरना प्रदर्शन में पहला मुद्दा धान खरीदी से जुड़ी गिरदावरी प्रक्रिया में की जा रही अनियमितताओं को लेकर था, जिससे किसानों को पंजीयन और समर्थन मूल्य का लाभ नहीं मिल पायगा।वन भूमि अधिकार पट्टा गिरदावरी नहीं होना। दूसरा मुद्दा विशेष समुदाय के लोगों के 50–60 वर्ष पुराने घरों को अतिक्रमण बताकर बिना उचित प्रक्रिया के तोड़ने को लेकर था। तीसरे मुद्दे में पुलिस द्वारा आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करने और बेवजह पूछताछ कर डराने-धमकाने के मामले को उठाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि तीनों मुद्दों पर तुरंत संज्ञान लिया जाए, दोषियों पर कार्रवाई हो और किसानों व आम जनता को न्याय मिले।

## किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर किया गया आयोजन

# कला केंद्र में कलाकारों की सुमधुर प्रस्तुतियों पर झूम उठे संगीत प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- स्थानीय कलाकारों ने बांधा श्मा

गायक किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर लायरा प्रोडक्शन व संगीत संघ ने स्थानीय कला केंद्र मैदान में किशोर कुमार नाइट्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगीत प्रेमियों व श्रोताओं की भारी भीड़ के सामने स्थानीय गायक कलाकारों ने किशोर कुमार के गीतों पर अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। लंबे समय बाद शहर में हुए गीत-संगीत के इस शानदार आयोजन से संगीत प्रेमी झूम उठे। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कलाकारों को उनकी बेहतरीन प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि स्व. किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर स्थानीय कलाकारों को मंच देकर आयोजन समिति ने सराहनीय काम किया है। गीत संगीत हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, तनाव मुक्त जीवन के लिए यह आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि आज की दौड़-भाग वाली कठिन जीवन शैली में गीत संगीत हमें सुकून और शांति देते हैं। नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह ने कहा कि शहर में लोगों के मनोरंजन के लिए ऐसे आयोजन अधिक से अधिक किए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मी प्रकाश जायसवाल तथा संतोष दास सरल ने संगीत प्रेमी की अच्छी उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में और ऐसे आयोजन करते रहने की बात कही। कार्यक्रम में गायक गोपाल पांडे, राजेश जायसवाल, स्वप्निल जायसवाल तथा सताक्षी वर्मा की प्रस्तुतियों ने जहां चार चांद लगा दिए वहीं लक्ष्मी जायसवाल, संतोष सरल, चंदा प्रजापति, निशा चौहान, आंशिका सिन्हा, हरविंदर सिंह, विमल मंदिलवार, अमित श्रीवास्तव, राकेश मिश्रा, राजेश सिंह, उन्मेष मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव, कल्पना गुप्ता, मुकुल रावत, कमल पटेल, दीपक सोता तथा शैलेन्द्र श्रीवास्तव के गीतों ने दर्शकों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम में उपस्थित महापौर व सभापति।

इस दौरान दिनेश केहरी, उमाशंकर गुप्ता, आनंद गुप्त, फरीद बेक, राकेश शर्मा, ईमरान खान,विनोद हर्ष, मनीष सिंह, जितेंद्र सोनी, आलोक दुबे, शशिकांत जायसवाल, मनोज गुप्ता, मधुसूदन शुक्ला, आकाश गुप्ता, रूपेश दुबे, अभिषेक शर्मा, नकुल सोनकर, कमलेश तिवारी, निरंजन राय, सुशील शुक्ला, रवीन्द्र सिंह टूटेजा, डॉ. संजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजीव स्वर्णकार, राजेश पांडे अब्र, मंगल पांडे, अजय तिवारी तथा चंदन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

# जनपद पंचायत की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- योजनाओं के क्रियान्वयन की हुई समीक्षा

जनपद पंचायत के सामान्य सभा की बैठक जनपद अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभागवार योजनाओं की समीक्षा की गई। वन विभाग ने बताया कि हाईवे पर पेड़ कटाई कार्य लगभग पूर्ण है एवं अब जड़ हटाने का कार्य जारी है। स्वास्थ्य विभाग ने रजत जयंती अवसर पर दो हितग्राहियों को उपचार हेतु रायपुर भेजे जाने की जानकारी दी तथा आश्रम-छात्रावासों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। विद्युत विभाग ने स्मार्ट मीटर स्थापना व पीएम सौर्य घर योजना की जानकारी दी।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कई ग्रामों में कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि राजपुर-प्रतापपुर मार्ग लगभग पूर्ण है तथा बरियों में मिनी स्टेडियम व स्कूल निर्माण कार्य प्रगति पर है। महिला बाल विकास विभाग ने पोषण ट्रैकर ऐप, महतारी वंदन, नोनी सुरक्षा व मातृत्व योजना की जानकारी दी। शिक्षा विभाग ने शालाओं, शिक्षकों व छात्र सुविधाओं की स्थिति बताई। मनरेगा, कृषि, आजीविका मिशन, जल संसाधन, पशु चिकित्सा व पुलिस विभागों ने भी अपने-अपने कार्यों की जानकारी दी। सदस्यों ने एकलव्य विद्यालय में लाल मिर्च पाउडर के स्थान पर हरी मिर्च उपयोग का निर्णय सर्वसम्मति से लिया। बैठक के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्व. सहायता समूहों द्वारा कचरा संग्रहण जागरूकता और सामुदायिक शौचालय प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आग्रह किया। इस अवसर में जनपद अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, सभापति कमला प्रसाद, सीईओ संजय दुबे व अन्य अधिकारी कर्मचारी थे।

# मोंटफ़ोर्ट स्कूल में पुलिस ने किया साइबर जागरूकता कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बढ़ते साइबर अपराधों से विद्यार्थियों को जागरूक करने एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन मे साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा मोंटफ़ोर्ट स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, हनीट्रैप, फेक प्रोफाइल, ओटीपी शेयरिंग, गेमिंग ऐप्स, सोशल मीडिया दुरुपयोग, महिला सुरक्षा तथा डेटा प्रोटेक्शन से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा निरंतर जन-जागरूकता के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है जिससे कोई भी साइबर अपराधियों का शिकार न बने। कार्यक्रम में साइबर सेल प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित व्यावहारिक उदाहरणों के साथ छात्रों को बताया कि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन अपराध की शिकायत हेल्पलाइन नंबर या पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है। उन्होंने संचार साथी पोर्टल के बारे में भी बताया, जिससे चोरी या गुम मोबाइल की शिकायत आसानी से दर्ज की जा सकती है। साथ ही अभिव्यक्ति ऐप एवं 181 महिला हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए कहा कि यह एप्लीकेशन महिलाओं की सुरक्षा और त्वरित सहायता के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने छात्र छात्राओं को समझाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति से प्राप्त लिंक, ओटीपी या कॉल पर भरोसा न करें और हमेशा सोशल मीडिया पर अपने डाटा को सुरक्षित रखें।साइबर सेल एक्सपर्ट ने छात्र छात्राओं से इस जागरूकता को अपने परिवार एवं समाज तक पहुंचाने की बात कही। इस दौरान प्राचार्य ब्रदर एस गब्रीयल, शिक्षक नितिन कर्ष, प्रांजल सिन्हा, बरखा गोस्वामी, ममता तिवारी, संगीता पाण्डेय, सिस्टर निशा रानी, सिस्टर रीना सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।






## बिजनेस प्लस

### शुद्ध देसी घी की मिठाइयों के लिए बंसल स्वीट्स ने बनाई अलग पहचान

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर जिले में मिठाइयों के लिए शौकीनों के बीच एक विशेष पहचान बना चुके बंसल स्वीट्स ने अपनी गुणवत्ता और शुद्ध देसी घी से बनी मिठाइयों के चलते राज्य में एक अलग ही छवि बनाई है। बंसल स्वीट्स के संचालक दुर्गा प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि इस दिवाली के अवसर पर ग्राहकों के लिए खास तैयारी की गई है। शुद्ध देसी घी से बनी कई प्रकार की मिठाइयां और विशेष नमकीन की व्यापक रेंज उपलब्ध है। मोतीचूर के लड्डू हो काजू कतली मूंग दाल की बर्फी या फिर चंद्रकला जैसी पारंपरिक मिठाइयां सभी शुद्धता और उच्च गुणवत्ता का परिचय देता है। बंसल स्वीट्स की मिठाइयां में खास मोतीचूर लड्डू, काजू कतली, मूंग बर्फी, चंद्रकला ,गोंद लड्डू, बेसन लड्डू ,मिल्क केक, कलाकंद, स्पेशल पिन्नी ,गुलाब जामुन, रसभरी , छेना टोस्ट ,नारियल लड्डू ,काजू की विशेष मिठाइयां के साथ बंसल स्वीट्स में स्वयं की डेयरी से तैयार शुद्ध छेना और खोया से बनी विशेष मिठाइयां भी उपलब्ध है। दिवाली गिफ्ट पैक किस प्रकार इस त्यौहार के मौके पर बंसल स्वीट्स में ग्राहकों के लिए आकर्षक गिफ्ट पैक और ड्राई फ्रूट्स के फैंसी बॉक्स की विशाल रेंज भी तैयार की गई है।




## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6021



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

### शब्द पहेली - 6020 का हल



## सूडोकु नवताल - 6031

✶✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6030 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |


धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनायें
AMBIKA JEWELLERS
शुध्दता
सुंदरता
विश्वास
आभूषणों में निवेश करें
जो न केवल आपकी शोभा
बढ़ाएंगे बल्कि शाश्वत समृद्धि
और आशीर्वाद भी लायेंगे
TM
Trusted Since 1979
अम्बिका ज्वेलर्स
सदर बाजार, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 94252 56072, 96377 18000
• HUID BIS हॉलमार्क सोने के आभूषण
• IGI प्रमाणित उच्च क्वालिटी हीरे के आभूषण
• 999.9 शुद्धत्तम सोने व चांदी के सिक्के
• BIS हॉलमार्क चांदी के बर्तन व आभूषण
• सभी उच्च क्वालिटी राशिरत्न सर्टिफिकेट के साथ
• प्रीमियम गिफ्ट आइटम्स
• न्यूनतम दाम व बनवाई चार्ज

### महापौर ने कहा- किसी के साथ नहीं होगा पक्षपात, विपक्ष मुद्दे छोड़ कर रहा आरोप लगाने का काम

# हंगामेदार रही ननि की सामान्य सभा, विपक्ष ने लगाया पक्षपात और आवाज दबाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम सरकार की दूसरी सामान्य सभा की बैठक हंगामेदार रही। शहर की जर्जर सड़कों, सिटी डेवलपमेंट प्लान के साथ ही निर्माण कार्यों में पक्षपात को लेकर विपक्ष ने सत्तापक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच विकास कार्यों के मुद्दों को लेकर जमकर बहस हुई। दिनभर चली हंगामेदार बैठक के बीच नगर निगम में विपक्ष की आपत्तियों के बीच सत्ता पक्ष ने बहुमत के आधार पर संपत्ति कर में वृद्धि और ट्रेड लाइसेंस लगाए जाने के प्रस्ताव को पास किया है।

**खास बात**

- विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा, कई अहम प्रस्ताव किए गए पास

बता दें कि गुरुवार को लम्बे समय के बाद सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने मुद्दा उठाया कि छह माह के बाद सामान्य सभा की बैठक बुलाई गई है और बारिश के दौरान लोग शहर में जल जमाव, गड्ढे व सड़कों की जर्जर स्थिति से परेशान रहे। सरकार को जनता की कोई परवाह नहीं है। नगर निगम द्वारा दीपावली त्यौहार के पहले गरीब ठेला गुमटी संचालकों का रोजगार छीना गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया गाली गलौज की गई। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बारिश के समय शहर की जर्जर सड़कों में गड्ढों को भरने के लिए भी कई बार बोलने के बाद डस्ट उपलब्ध नहीं कराया गया, नगर निगम में कई ऐसे पार्षद है जिनकी आवाज छीनी जा रही है। वार्डों में पार्षदों से राय लिए बिना ही काम स्वीकृत कर दिए गए। शफी अहमद ने आरोप लगाया कि सरकार ने विपक्ष के पार्षदों के साथ पक्षपात किया। 18 करोड़ रुपए में से महज ढाई करोड़ रुपए कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में दिए गए है जबकि शेष पूरी राशि भाजपा के कुछ विशेष वार्डों में दिए गए है। आप बहुमत में है तो चाहिए इसका सदुपयोग करें या दुरूपयोग करें लेकिन सभी वार्डों में सामान काम होना चाहिए। शहर की जनता पहली बार देखेगी कि किस तरह से भाजपा शासन में विपक्ष के पार्षदों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। पार्षद बाबर इदरीसी ने भी वार्ड में बेहद कम राशि दिए जाने का आरोप लगाया। इन मुद्दों को लेकर सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर तीखी बहस हुई और एक दूसरे पर जमकर आरोप लगाए गए। आरोपों के बीच ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने मामले को शांत कराकर दोनों पक्षों को शांतिपूर्वक अपनी बात रखने की बात कही। बैठक में पार्षद आलोक दुबे ने फिर से शहर में मास्टर प्लान को लागू करने का मुद्दा उठाया।



बैठक में हंगामा मचाते पक्षक-विक्ष के पार्षद, शांत कराते सभापति।

### सुशासन तिहार में आए आवेदनों को फेंका दिया कचरे में

बैठक में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने प्रश्नकाल में सवाल उठाया कि सुशासन तिहार में 5 हजार से अधिक डिमांड के आवेदन आए थे और इन आवेदनों पर सही तरीके से कार्रवाई करने के बदले नगर निगम के अधिकारियों ने कचरे के ढेर में फेंक दिया। इन आवेदनों के लिए निगम का अमला व्यस्त रहा, शहर की जनता घंटों कतार में लगकर परेशान हुई लेकिन अधिकारियों ने कोई पहल नहीं की। अधिकारियों लिखित में जवाब दिया है कि शासन से दिशा निर्देश के बाद प्राक्कलन तैयार किया जाएगा। जशपुर के निकाय में सुशासन तिहार के आवेदनों के आधार पर प्रस्ताव बनाकर भेजा गया और शासन से 75 प्रतिशत मांगों की राशि आ भी गई लेकिन अधिकारी सदन को गुमराह करने का काम कर रहे है। ननि आयुक्त ने बताया कि सुशासन तिहार के आवेदनों का भौतिक निरीक्षण कर शासन को भेजने के निर्देश दिए गए है। शफी अहमद ने कहा कि शहर में सिटी डेवलपमेंट प्लांट के तहत प्रस्ताव को सही तरीके से भेजना होगा और इसके लिए वार्ड पार्षदों से भी सलाह ली जाए। सीडीपी में बड़े कामों की स्वीकृति मिलनी है। छोटे कार्यों के लिए सुशासन तिहार में आए आवेदनों का प्रस्ताव शासन को भेजना था जो नहीं भेजा गया। यदि अधिकारियों ने प्रस्ताव बनाया है तो उसे सदन में पेश करे। सदन को शहर के हित में सोचने की जरूरत है और अगर जरुरत पड़े तो विपक्ष भी साथ खड़ा रहेगा।

### सत्ता पक्ष विकास के लिए गंभीर

विपक्ष के हमलों का जवाब देते हुए ननि के लोनिवि प्रभारी मनीष सिंह ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद और विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि अगर वे विकास के लिए इतने ही चिंतित होगे तो आज शहर के सड़कों की स्थिति एसी नहीं होती। कांग्रेस शासन काल में शहर के विकास का काम नहीं हुआ लेकिन अब सत्ता पक्ष विकास के लिए गंभीर है और विभिन्न निर्माण कार्यों की कार्य योजना बनाकर शासन को भेजा गया है। मनीष सिंह के हमले के बाद विपक्ष ने भी जमकर हंगामा मचाया।

### संपत्ति कर में की गई वृद्धि

नगर निगम में गुरुवार को संपत्ति कर में वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया। वर्ष 2016-17 में शासन के आदेश के अनुसार भवनों पर अधिरोपित कर 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। कलेक्टर गाइड लाइन के भूमि दर में बढ़ोत्तरी हुई है और उक्त गाइड लाइन के अनुसार भूमि का दर निर्धारित कर सम्पत्ति कर अधिरोपित किया जा रहा है। संपत्ति कर प्रस्ताव पर विपक्ष ने आरोप लगाया कि जब भाजपा विपक्ष में थी तो लगातार कांग्रेस पर संपत्ति कर को लेकर दबाव बनाती थी लेकिन अब सत्ता में आने के बाद भाजपा ने जनता पर 50 प्रतिशत का अतिरिक्त संपत्ति कर का बोझ लाड दिया गया है। इसपर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि विपक्ष लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। संपत्ति कर का निर्धारण नियमानुसार किया गया है। इस दौरान विपक्ष के विरोध के बीच सत्ता पक्ष ने बहुमत के साथ संपत्ति कर में वृद्धि के प्रस्ताव को पास किया।

### विपक्ष का काम सिर्फ आरोप लगाना : महापौर

विपक्ष की ओर से लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि यह मेरी दूसरी सामान्य सभा है, पहली सामान्य सभा में भी कांग्रेस के लोग काली पट्टी लगाकर आए और हंगामा किया और दूसरी सभा में भी आते के साथ हंगामा करते हुए मुझ पर आरोप लगाया जा रहा था कि देर से सामान्य सभा कराई जा रही जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में ही डेढ़ डेढ़ साल में सामान्य सभा हुई है। पांच साल के कार्यकाल में कांग्रेस की सिर्फ 13 सामान्य सभा हुई तो यह कहा तक सहीं है कि उनके लिए अलग नियम हो और हमारे लिए वे अलग नियम बताएं। विपक्ष सामान्य सभा के विषय और मुद्दों को छोड़कर आरोप लगाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष हमें अपना नहीं पा रहा है और ना ही काम करने दे रहा है। महापौर ने कहा कि शहर के सभी 48 वार्डो में एक सामान कार्य कराए जाएंगे और किसी के साथ पक्षपात नहीं होगा। अभी तो यह पहला चरण है। कांग्रेस जितनी राशि पांच साल में नहीं ला पाई वो हमने 7 महीने में ला दिया। 80 करोड़ की राशि हमारे पास है और 4 लेन सड़कों के लिए 2 सौ करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत है। हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार में शासन के गाइड लाइन के अनुसार राशि आए इसलिए कांग्रेस यह आरोप न लगाए कि हम गैर जिम्मेदार है।

### कचरा फेंकने, पोस्टर चिपकाने और पानी बहाने पर जुर्माना

नगर निगम में आज तीन प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। इसमें स्वच्छता प्रबंधन के मद्धेनजर शहर में कचरा फेंकने वालों पर 500 रुपए, चौक चौराहों पर पोस्टर चिपकाने वालों पर 1 हजार रुपए, सड़क पर व्यर्थ पानी बहाने वालों पर 5 सौ रुपए जुर्माना लगाने का प्रस्ताव लाया गया। इस प्रस्ताव का सत्ता पक्ष और विपक्ष ने समर्थन किया। हालांकि ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने प्रस्ताव दिया कि पहले कचरा फेंकने और पानी व्यर्थ बहाने वालों पर 2 सौ रुपए का जुर्माना लगाया जाए और दूसरी बार में जुर्माना की रकम 5 सौ रुपए की जाए। इसके साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लापरवाही करने और नियमित रूप से कचरा उठाव नहीं होने पर संबंधित सुपरवाइजर और अधिकारी पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसपर ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभा पति हरमिंदर सिंह टिन्नी सहित सभी ने अपनी सहमति दी और संशोधन के साथ तीनों प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास किए गये।

### शहर में लागू हुआ ट्रेड लाइसेंस

नगर निगम की सामान्य सभा में आज दुकानों पर संस्थानों पर व्यापार अनुज्ञप्ति लाइसेंस ( ट्रेड लाइसेंस ) लागू करने का प्रस्ताव सत्ता पक्ष की ओर से रखा गया। प्रदेश के अन्य निकायों में ट्रेड लाइसेंस का नियम लागू है लेकिन ननि में इसे लागू नहीं किया जा सका था। इस नियम के लागू होने से ननि के आय में वृद्धि होगी। इस दौरान ट्रेड लाइसेंस के लिए 5 सौ रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक ट्रेड लाइसेंस शुल्क देना होगा। इसके लिए 187 प्रकार की श्रेणी बनाई गई है। सत्ता पक्ष के इस प्रस्ताव पर विपक्ष ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। विपक्ष का कहना है कि इससे दुकान दारों पर भार बढ़ेगा और वे इसकी भरपाई जनता से करेंगे। इसके साथ ही पूर्व में गुमस्ता लाइसेंस के लिए अधिकतम ढाई सौ रुपए देना पड़ता था लेकिन यहां 1 लाख रुपए से अधिक की राशि भी ली जाएगी। विपक्ष ने इसपर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए विरोध जताया है जबकि सत्ता पक्ष ने बहुमत के आधार पर इस प्रस्ताव को पास कर दिया है।

### गोधनपुर चौक रानी दुर्गावती चौक के नाम से जाना जाएगा

ननि में शहर के प्रमुख चौक चौराहों के नामकरण का विषय रखा गया। इस दौरान गोधनपुर क्षेत्र के पार्षद डॉ. शिवमंगल सिंह ने गोधनपुर चौक को रानी दुर्गावती चौक के नाम पर करने की मांग की। इस दौरान ननि सरकार ने इसपर सहमती देते हुए बहुमत से इस प्रस्ताव को पास किया।

### स्वीकृत कार्य को निरस्त करने का आरोप

सदन में विपक्ष के पार्षद मेराज रंगरेज ने तीन वर्ष पूर्व उनके वार्ड में स्वीकृत हुए कार्य को निरस्त करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिस कार्य के लिए तीन साल पहले राशि जारी हुई है और टेंडर कर वर्क ऑर्डर जारी कर भूमिपूजन कर दिया गया उस कार्य को निरस्त कर दिया गया। उक्त कार्य 10 लाख रुपए का था और अब उसके स्थान पर 8 लाख रुपए का कार्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने काम नहीं किया तो उसपर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की मांग की जिसपर लोनिवि प्रभारी मनीष सिंह और सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने जांच का आश्वासन दिया।










